सत्यमेव जयते

भारत सरकार / GOVERNMENT OF INDIA
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय /
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
क्षेत्रीय कार्यालय, देहरादून /
Regional Office, Dehradun

प्रकृतिः रक्षति रक्षिता
Nature Protects if She is Protected

25 सुभाष रोड, देहरादून-248001/ 25 SUBHASH ROAD, DEHRADUN-248001
दूरभाष/ PHONE-0135-2650809, ई-मेल/ E-mail-moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8 बी/यू०सी०पी०/06/76/2020/एफ०सी० दिनांकः As per E-sign

सेवा में,

**अपर मुख्य सचिव** (वन),
उत्तराखण्ड शासन,
सुभाष रोड, देहरादून।

**विषयः- जनपद - चमोली में राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-07 (पुराना एन0एच0-58) के कि0मी0 399.000 से कि0मी0 460.000 में मौजूदा सड़क का चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु 40.8916 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु MORTH (NHIDCL) को प्रत्यावर्तन। (Online no FP/UK/ROAD/39349/2019).**

**सन्दर्भः-कार्यालयः प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड, देहरादून की पत्र संख्या 1303/12-1: देहरादूनः दिनांक 26-10-2024.**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड शासन के पत्र दिनांक 16.07.2020 का आशय ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विषयांकित प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार से वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 की धारा-2 के तहत स्वीकृति मांगी थी।

प्रश्नगत प्रकरण में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक- 29.07.2020 द्वारा प्रस्ताव में सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसमें उल्लिखित शर्तों की अंतिम अनुपालना प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, उत्तराखण्ड शासन के संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत कर दी गयी है। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त केन्द्र सरकार **जनपद-चमोली में राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-07 (पुराना एन0एच0-58) के कि0मी0 399.000 से कि0मी0 460.000 में मौजूदा सड़क का चैड़ीकरण एवं सुदृढीकरण हेतु 40.8916 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु MORTH (NHIDCL) को प्रत्यावर्तन** हेतु **विधिवत् स्वीकृति** निम्नलिखित शर्तो पर प्रदान करती हैः-

1. वन भूमि की विधिक परिस्थिति अपरिवर्तित रहेगी।

2. परियोजना के लिए आवश्यक गैर-वानिकी भूमि प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा सौंपने के बाद ही वन भूमि सौंपी जाएगी।

**3. प्रतिपूरक वनीकरण :**

प्रयोक्ता अभिकरण की लागत पर वन विभाग द्वारा 82.50 हे0 अवनत वन भूमि में प्रतिपूरक वनीकरण किया जाएगा। जहां तक संभव हो, स्थानीय देशी प्रजातियों को लगाया जाएगा और

प्रजातियों की एकल प्लांटेशन से बचें। **82.50 हे0 अवनत वन भूमि** का विवरण निम्नलिखित है:

| **क्र0सं0** | Name of Forest Range | Compartment/Coupe No. | **क्षेत्रफल (हे0 में)** |
|---|---|---|---|
| 1 | देवसारी I | क0न0 8 पार्ट I | 4.00 |
| 2 | देवसारी I | क0न0 8 पार्ट II | 3.50 |
| 3 | देवसारी II | क0न0 10 अ | 5.00 |
| 4 | देवसारी II | क0न0 1 पार्ट I | 5.00 |
| 5 | देवसारी II | क0न0 1 पार्ट II | 5.00 |
| 6 | नवाली चतुर्थ | क0न0 7 | 5.00 |
| 7 | नवाली पंचम | क0न0 1 अ | 3.00 |
| 8 | नवाली पंचम | क0न0 1 अ पार्ट I | 3.00 |
| 9 | नवाली पंचम | क0न0 1 अ पार्ट II | 4.00 |
| 10 | नवाली पंचम | क0न0 2 पार्ट I | 3.00 |
| 11 | नवाली पंचम | क0न0 2 पार्ट II | 3.00 |
| 12 | नवाली पंचम | क0न0 9 पार्ट I | 3.00 |
| 13 | नवाली पंचम | क0न0 9 पार्ट II | 5.00 |
| 14 | कुंजाकोट प्रथम | क0न0 4 ब पार्ट I | 5.00 |
| 15 | कुंजाकोट प्रथम | क0न0 4 ब पार्ट II | 5.00 |
| 16 | कुंजाकोट प्रथम | क0न0 4 अ | 5.00 |
| 17 | मैखण्डा II | क0न0 3 ब | 10.00 |
| 18 | मैखण्डा II | क0न0 3 ब | 6.00 |
| | | **कुल योग** | 82.50 |

4. वन अधिकार अधिनियम, 2006 का पूर्ण अनुपालन संबंधित जिला कलेक्टर द्वारा जारी प्रमाण पत्र से सुनिश्चित किया जाएगा

5. **प्रस्ताव में प्रदान की गई सैद्धान्तिक स्वीकृति की शर्तो का भी अक्षरश: पालन किया जाएगा।**

6. प्रयोक्ता अभिकरण प्रत्यावर्तित वन भूमि में पेड़ों की कटाई को यथासंभव न्यूनतम रखेगा जिनकी सं0 प्रस्ताव के अनुसार वन भूमि में 3457 वृक्षों (including 1975 saplings) से अधिक नहीं होगी एवं पेड़ राज्य वन विभाग के सख्त पर्यवेक्षण में कटेंगे।

7. **The State Forest Department shall ensure that the Compensatory Afforestation (CA) land shall not change without taking approval of competent authority in future.**

8. **The State Forest Department may initiate action (as per norms) against the officials responsible for change of CA land without taking approval of competent authority in this proposal.**

9. प्रयोक्ता अभिकरण आईआरसी मानदंडों के अनुसार सड़क के दोनों किनारों पर पौंधों की संख्या बढ़ाएगा।

10. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों के अनुसार, यदि आवश्यक हो तो प्रयोक्ता अभिकरण पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करेगा।

11. प्रयोक्ता अभिकरण तथा राज्य सरकार इस परियोजना से संबंधित सभी राष्ट्रीय वन्य प्राणी बोर्ड, राज्य वन्य प्राणी बोर्ड, मुख्य वन्य प्राणी अभिरक्षक द्वारा दिये गए निर्देशों का पालन करेगी तथा mitigative measures में दिये गए प्रावधानों के अनुसार under pass / overpass, अन्य कार्यो का अनुपालन सुनिश्चित करेगी, यदि लागू हो।

12. The user Agency in consultation with the State Government shall create and maintain alternate habitat/ home for the avifauna, whose nesting trees are to be cleared in this project. Bird's nests artificially made out of eco-friendly material shall be user in the area, including forest area and human settlements, adjoining the forest area being diverted for the project, if applicable.

13. The user agency shall assist the State Government in conservation and preservation of the flora and fauna of the area in accordance with the plan prepared by the Chief Wildlife Warden of the State, if applicable.

14. The User Agency shall ensure that because of this project, no damage is caused to the wildlife available in the area, if applicable.

15. The State Forest Department shall prepare Wildlife Mitigation/ Management Plan (WLMP) or Soil and Moisture Conservation Plan (SMCP) at the cost of User Agency. The same should be based on the specific field requirements based on the actual cost of the interventions required to be made at the site and not based on the indicative financial outlay totaling to 2% (for WLMP) or 0.5% (for SMCP) of the total project cost.

16. केंद्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना प्रस्ताव का ले-आउट प्लान नहीं बदला जाएगा।

17. वन भूमि एवं आस-पास की भूमि पर कोई भी श्रमिक शिविर स्थापित नहीं किया जाएगा।

18. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा मजदूरों को राज्यीय वन विभाग अथवा वन विकास निगम अथवा वैकल्पिक ईंधन के किसी अन्य कानूनी स्रोत से पर्याप्त लकड़ी, विशेषतः वैकल्पिक ईंधन दिया जाएगा।

19. संबंधित प्रभागीय वनाधिकारी के निर्देशानुसार, प्रत्यावर्तित वन भूमि की सीमा को परियोजना लागत पर आर.सी.सी. पिलर्स द्वारा सीमांकन किया जाएगा। जिस पर Forward/Backward bearings अंकित हों।

20. प्रयोक्ता अभिकरण आईआरसी मानदंडों के अनुसार सड़क के दोनों ओर और central verge पर strip plantation करेगी।

21. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा संरक्षित क्षेत्रों/वन क्षेत्रों में नियमित अंतराल पर सड़क के किनारे स्पीड रेग्युलेटिंग साइनेज बनाया जाएगा।

22. परियोजना कार्य के निष्पादन हेतु निर्माण सामग्री के परिवहन के लिए वन क्षेत्र के अंदर कोई अतिरिक्त या नया मार्ग नहीं बनाया जाएगा।

23. वन भूमि का उपयोग परियोजना के प्रस्ताव में विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के अतिरिक्त अन्य किसी प्रयोजन हेतु नहीं किया जाएगा।

24. केंद्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना प्रत्यावर्तन हेतु प्रस्तावित वन भूमि किसी भी परिस्थिति में किसी भी अन्य एजेंसियों, विभाग अथवा व्यक्ति को हस्तांतरित नहीं की जाएगी।

25. प्रयोक्ता अभिकरण पूर्वविर्दिष्ट स्थलों पर इस प्रकार मलवे का निस्तारण करेगा कि वह अनावश्यक रूप से तय सीमा से नीचे न गिरे। राज्य के वन विभाग के पर्यवेक्षण में तथा परियोजना की लागत पर, प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपयुक्त प्रजातियों के पौधे लगाकर मलवा निस्तारण क्षेत्र को स्थिर एवं पुनर्जीवित करने का कार्य किया जाएगा। मलवे को यथा स्थान रखने हेतु दीवारें बनाई जाएंगी। निस्तारण स्थलों को राज्य के वन विभाग को सौंपने से पूर्व, इनका स्थिरीकरण एवं सुधार कार्य योजनानुसार समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। मलवा निस्तारण क्षेत्र में वृक्षों की कटाई की अनुमति नहीं होगी।

26. यदि कोई अन्य सम्बन्धित अधिनियम/अनुच्छेद/नियम/न्यायालय आदेश/अनुदेश आदि इस प्रस्ताव पर लागू होते है तो उनके अधीन जरूरी अनुमति लेना राज्य सरकार/प्रयोक्त एजेंसी की जिम्मेवारी होगी।

27. केंद्र सरकार की पूर्वानुमति के बिना उपरोक्त किसी भी शर्तो में किस भी प्रकार का बदलाव नहीं किया जाएगा।

28. पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा वन एवं वन्यजीवों के संरक्षण व विकास के हित में समय-समय पर निर्धारित शर्तें लागू होंगी।

**This bears the approval of competent authority.**

भवदीया,

**Signed by Neelima Shah**
**Date: 15-01-2025 10:35:52**

**(नीलिमा शाह, भा०व०से०)**
**सहायक महानिरीक्षक वन (केन्द्रीय)**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः**

1. अपर वन महानिदेशक (एफ0सी0), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली।
2. प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी, देहरादून, उत्तराखण्ड।
3. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनरोपण निधि प्रबंधन एवं योजना प्राधिकरण, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, कक्ष क्रमांक ए-232, द्वितीया तल, अग्नि स्कंध, इंदिरा पर्यावरण भवन, जोर बाग, नई दिल्ली-110003 (Email: nationalcampa-moefcc@gov.in).
4. प्रभागीय वनाधिकारी, बद्रीनाथ वन प्रभाग, गोपेश्वर, उत्तराखण्ड।
5. आदेश पत्रावली।